भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

04.02.2022 के

अतारांकित प्रश्न सं. 439 का उत्तर

बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन दुर्घटना

439. चौधरी सुखराम सिंह यादवः
श्री राम नाथ ठाकुरः
श्रीमती छाया वर्मा:
श्री विशम्भर प्रसाद निषादः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पश्चिमी बंगाल के जलपाईगुड़ी में बीकानेर एक्सप्रेस ट्रेन के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण क्या हैं;

(ख) क्या यह सच है कि बार-बार रेल किराए में बढ़ोतरी के बावजूद रेलवे अपने यात्रियों को भरोसेमंद रेल यात्रा कराने में असमर्थ साबित हो रहा है; और

(ग) क्या रेलवे इस दुर्घटना की जवाबदेही तय करेगा?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क): इस मामले में पूर्वोत्तर सीमा सर्कल, कोलकाता के रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा सांविधिक जांच की जा रही है। मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त की जांच पूरी होने के बाद ही दुर्घटना का कारण निश्चित किया जाएगा।

(ख): जी नहीं।

(ग): रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा दुर्घटना की जांच पूरी होने के बाद दुर्घटना के लिए जवाबदेही तय की जाती है।

******

Sk